विल्फ्रेड हॉफमैन, जर्मन सोशल साइंटिस्ट और राजनयिक (2 का भाग 2)

रेटिंग:

विवरण: [illegible]

श्रेणी: लेख नए मुसलमानों की कहानियां व्यक्तित्व

द्वारा: Wilfried Hofmann

पर प्रकाशित: 04 Nov 2021

अंतिम बार संशोधित: 04 Nov 2021

"मैंने इस्लाम को इसकी आँखों से देखना शुरू कर दिया, एक और सिर्फ एक सच्चे ईश्वर में विश्वास, जिसका न तो कोई पुत्र है और न पिता, और कुछ और कोई भी उसके जैसा नहीं है ... एक जनजातीय देवता के योग्य ईश्वर और एक दिव्य त्रिमूर्ति के स्थान पर, क़ुरआन ने मुझे सबसे स्पष्ट, सबसे सीधा, सबसे सारगर्भित - इस प्रकार ऐतिहासिक रूप से सबसे उन्नत - और मानवरूपी ईश्वर की कम से कम अवधारणा दिखाई।"

""क़ुरआन के औपचारिक बयानों के साथ-साथ इसकी नैतिक शिक्षाओं ने मुझे गहराई से बहुत प्रभावित किया, इसलिए मुहम्मद के पैगंबरी मिशन की प्रामाणिकता के बारे में थोड़ी से संदेह के लिए भी कोई जगह नहीं थी। जो लोग मानव स्वभाव को समझते हैं, वे क़ुरआन के रूप में ईश्वर द्वारा मनुष्य को सौंपे गए "क्या करना है और क्या नहीं" के अनंत ज्ञान की प्रसंसा करते हैं।

1980 में अपने बेटे के आगामी 18वें जन्मदिन के लिए, उन्होंने 12-पृष्ठ की एक हस्तलिपि तैयार की, जिसमें वे चीजें थीं, जिन्हें वह दार्शनिक दृष्टिकोण से निर्विवाद रूप से सत्य मानते थे। उन्होंने मुहम्मद अहमद रसूल नामक कोलोन के एक मुस्लिम इमाम से इसकी जाँच करने को कहा। इसे पढ़ने के बाद, रसूल ने टिप्पणी की कि अगर डॉ. हॉफमैन ने जो लिखा है वह उस पर विश्वास करते हैं, तो वह एक मुसलमान हैं! वास्तव में कुछ दिनों बाद ऐसा ही हुआ जब उन्होंने घोषणा की "मैं गवाही देता हूं कि ईश्वर के अलावा कोई देवत्व नहीं है, और मैं गवाही देता हूं कि मुहम्मद ईश्वर के दूत हैं।" यह 25 सितंबर 1980 की बात है।

डॉ. हॉफमैन ने मुस्लिम बनने के बाद पंद्रह वर्षों तक जर्मन राजनयिक और नाटो अधिकारी के रूप में अपना पेशेवर करियर जारी रखा। "मैंने अपने पेशेवर जीवन में किसी भी भेदभाव का अनुभव नहीं किया", उन्होंने कहा। 1984 में, उनके धर्मांतरण के साढ़े तीन साल बाद, तत्कालीन जर्मन राष्ट्रपति डॉ.

कार्ल कार्स्टेंस ने उन्हें जर्मनी के संघीय गणराज्य के ऑर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित किया। जर्मन सरकार ने एक विश्लेषणात्मक उपकरण के रूप में मुस्लिम देशों में सभी जर्मन विदेशी मिशनों को उनकी पुस्तक "डायरी ऑफ ए जर्मन मुस्लिम" वितरित की। पेशेवर कर्तव्यों ने उन्हें अपने धर्म का पालन करने से नहीं रोका।

एक समय वह रेड वाइन के बारे में बहुत कलात्मक थे, लेकिन वह अब शराब के प्रस्तावों को विनम्रता से मना करते हैं। विदेश सेवा अधिकारी के रूप में, उन्हें कभी-कभी विदेशी मेहमानों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था करनी पड़ती थी। वह रमजान के दौरान अपने सामने एक खाली थाली रख के उस लंच में भाग लेते थे। 1995 में, उन्होंने स्वेच्छा से विदेश सेवा से इस्तीफा दे दिया और खुद को इस्लामी कामो के लिए समर्पित कर दिया।

व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में शराब के कारण होने वाली बुराइयों पर चर्चा करते हुए, डॉ. हॉफमैन ने शराब के कारण अपने स्वयं के जीवन में हुई एक घटना का उल्लेख किया। 1951 में न्यूयॉर्क में अपने कॉलेज के वर्षों के दौरान, वह एक बार अटलांटा से मिसिसिपी की यात्रा कर रहे थे। जब वह होली स्प्रिंग, मिसिसिपी में थे, तो अचानक एक वाहन उनकी कार के सामने आ गया, जिसे जाहिर तौर पर एक शराबी चला रहा था। फिर एक गंभीर दुर्घटना हुई, जिसमें उनके उन्नीस दांत निकल गए और उसका मुंह विकृत हो गया।

उनकी ठुड्डी और निचले कूल्हे की सर्जरी के बाद, अस्पताल के सर्जन ने उन्हें यह कहते हुए सांत्वना दी: “सामान्य परिस्थितियों में, इस तरह की दुर्घटना में कोई नहीं बचता। ईश्वर के मन में आपके लिए कुछ खास है, मेरे दोस्त!" अस्पताल से छुट्टी के बाद जब वो होली स्प्रिंग में लंगड़ा के चल रहे थे "स्लिंग में हाथ डालकर, घुटने पर पट्टी लगा के, एक आयोडीन-रंगहीन, सिले हुआ निचले चेहरे के साथ", उन्होंने सोचा कि सिर्जन की टिप्पणी का क्या अर्थ हो सकता है।

एक दिन उन्हें इसका पता चला, लेकिन बहुत बाद में। "आखिरकार, तीस साल बाद, जिस दिन मैंने इस्लाम में अपने विश्वास का दावा किया, मेरे जीवित रहने का सही अर्थ मेरे लिए स्पष्ट हो गया!”

उनके धर्म परिवर्तन पर एक बयान:

"पिछले कुछ समय से, अधिक से अधिक सटीकता और संक्षिप्तता के लिए प्रयास करते हुए, मैंने व्यवस्थित तरीके से कागज पर सभी दार्शनिक सत्यों को उतारने की कोशिश की है, मेरे विचार में जिसका पता एक उचित संदेह से हट के लगाया जा सकता है। इस प्रयास के दौरान, मुझे यह पता चला कि एक अज्ञेय का विशिष्ट रवैया बुद्धिमान नहीं है; की आदमी विश्वास करने के निर्णय से आसानी से नहीं बच सकता; कि हमारे आस-पास जो मौजूद है उसकी रचना स्पष्ट है; कि इस्लाम निस्संदेह

अपने आप को समग्र वास्तविकता के साथ सबसे अधिक सामंजस्य में पाता है। इस प्रकार मुझे एहसास हुआ कि कदम दर कदम, और लगभग अनजाने में, भावना और सोच में मैं एक मुसलमान बन गया हूं। केवल एक अंतिम कदम उठाना बाकी है: मेरे धर्म-परिवर्तन को एक औपचारिक रूप देना।

अब मैं एक मुसलमान हूं।

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/hi/articles/125

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।